दिन–गुरूवार दिनांक– 01/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल है। लोग नये संकल्पों के साथ नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। वर्ष दो हजार छब्बीस का स्वागत करने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और रंग बिरंगी रोशनी की गई है। पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर समेत राजधानी के प्रमुख मंदिरों, मस्जिदों, गुरूद्वारों और गिरिजाघरों में लोग सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि ठंड के बावजूद पिकनिक स्थलों पर चहल–पहल बढी हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नव वर्ष पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

प्रदेश में नये वर्ष पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। गंगा समेत राज्य की अन्य नदियों में आज नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है। राजधानी पटना में विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

———————————————————

केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी की नई दरें तय करने संबंधी अधिसूचना भी जारी कर दी है। इस अधिसूचना के अनुसार पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट और निकोटीन से बने उत्पादों पर चालीस प्रतिशत जीएसटी लगेगा। नई दरें एक फरवरी से प्रभावी होंगी। वहीं, स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम दो हजार पच्चीस को भी एक फरवरी से लागू करने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————

एकीकृत भुगतान प्रणाली–यूपीआई ने दिसंबर में उनतीस प्रतिशत की वृद्धि के साथ इक्कीस अरब तिरेसठ करोड़ लेन देन किये। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों के अनुसार यह लेनदेन वार्षिक बीस प्रतिशत बढ़कर लगभग अट्ठाईस लाख करोड़ रुपये हो गया। नवंबर दो हजार पच्चीस में यह सत्तासी हजार सात सौ इक्कीस करोड़ रुपये था। औसत दैनिक लेनदेन की संख्या पिछले महीने के तिरेसठ करोड़ बीस लाख से बढ़कर उनहत्तर करोड़ अस्सी लाख हो गई।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज धूप निकलने से लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली है। हालांकि सर्द पछुआ हवा के कारण लोगों को दिन में भी कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर भीषण शीत दिवस का अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————————

वैशाली जिले ने चालू विपणन खरीफ मौसम में धान खरीद के मामले में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर उनतीस से इकतीस दिसम्बर तक जिले में आयोजित तीन दिवसीय विशेष धान अधिप्राप्ति शिविर के आयोजन से धान क्रय में रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गयी। इस दौरान दस हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गयी। आठ सौ से अधिक नये किसानों को अधिप्राप्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार धान अधिप्राप्ति में सुपौल को दूसरा जबकि रोहतास को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

————————————————————————

पटना जंक्शन पर एक कारोबारी से बाईस लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवरात के लूट के मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से उन्नीस लाख रुपये बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

भोजपुर पुलिस ने हर्ष फायरिंग के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक एनपीआर राइफल और कारतूस बरामद किये गये हैं। जब्त किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के हरपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में शराब के साथ वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।